Swargiya Chandra Singh Shahi Government Post Graduate College
Kapkote (Bageshwar)

आख्या **दिनांक : 14 नवम्बर 2023**

हिंदी दिवस

दिनांक 14 सितम्बर 2023 को हिंदी विभाग, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कपकोट द्वारा हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। प्रथम प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न हुई जिसके प्रथम चरण में स्लाइड के माध्यम से विभिन्न साहित्यकारों के चित्र देखकर उन्हें पहचानना था। द्वितीय चरण में पहचाने गए साहित्यकारों की रचनाओं के विषय में बताना था। उक्त प्रतियोगिता में निम्न प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया –

समूह 'बी'

निहारिका जोशी एवं लता कर्नाटक – प्रथम

(बी.ए. पंचम सेमेस्टर)

समूह 'ए'

जगदीश मेहता एवं सुन्दर सिंह शाही – द्वितीय

बी० ए० पंचम सेमेस्टर

समूह 'ई'

निशा दानू एवं हेमा आर्या – तृतीय

बी० ए० प्रथम सेमेस्टर

समूह 'डी'

तरन जोशी एवं मनोज जोशी

बी० ए० प्रथम सेमेस्टर

'समूह सी'

सरिता एवं जया

बी० ए० प्रथम सेमेस्टर

उक्त प्रतियोगिता के निर्णायक श्रीमती भगवती टम्टा, डॉ. कल्पना जोशी, श्रीमती पूजा लोहिया रहे।

द्वितीय प्रतियोगिता दोहा/कविता वाचन में राजेश सिंह गढ़िया (बी०ए० प्रथम सेमेस्टर), लता (बी०ए० पंचम सेमेस्टर), कमल सिंह शाही (बी०ए० पंचम सेमेस्टर), मनीषा राठौर (बी०ए० प्रथम सेमेस्टर), सरिता दानू (बी०ए० प्रथम सेमेस्टर),

जया गोस्वामी (बी०ए० प्रथम सेमेस्टर) ने प्रतिभाग किया। उक्त प्रतियोगिता में कमल सिंह शाही ने ने प्रथम, सरिता ने द्वितीय एवं राजेश सिंह गढ़िया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

उक्त प्रतियोगिता के निर्णायक, डॉ. शालिनी पाठक, श्रीमती पूजा लोहिया एवं श्रीमती सुनीता खोलिया रहे। कार्यक्रम का समापन करते हुए प्राचार्य प्रो० बी० सी० तिवारी ने महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए हिंदी की उपयोगिता एवं महत्त्व के विषय में बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

कविता पोस्टर प्रतियोगिता

दिनांक : 23 नवम्बर 2023

दिनांक 23 नवम्बर 2023 को राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की जयंती के अवसर पर हिंदी विभाग, स्व० चन्द्र सिंह शाही रा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कपकोट द्वारा कविता पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रकवि दिनकर की कविताओं के पोस्टर बनाकर प्रस्तुत किये। उक्त प्रतियोगिता में डॉ. भगवती टम्टा, डॉ. दीपिका नेगी एवं डॉ. कल्पना जोशी निर्णायक रहे। इस प्रतियोगिता में निम्न छात्राओं ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया –

1. उषा (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर) – प्रथम
2. रजनी ऐठानी (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर) – द्वितीय
3. दिव्या मर्तोलिया (बी.ए. पंचम सेमेस्टर) – तृतीय

दिनांक : 4 जून 2024

आख्या

दिनांक 4 जून 2024 को स्व० चन्द्र सिंह शाही राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कपकोट में पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 'अस्कोट आराकोट अभियान' के तत्वाधान में व्याख्यान का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में पद्मश्री प्रो० शेखर पाठक ने छात्र-छात्राओं को अस्कोट आराकोट यात्रा का उद्देश्य बताते हुए इस यात्रा के पचास वर्षों के अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से जल जंगल जमीन को बचाने की अपील करते हुए अपनी नदियों की यात्रा करने का सुझाव दिया। प्रो० उमा भट्ट ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल जंगलों को बचाने में महिलाओं के योगदान पर चर्चा की। प्रो० प्रकाश उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं से अपने परिवेश और पर्यावरण के प्रति जागरुक होने की अपील की । समाज सेवी माया चिलवाल और यूनिवर्सिटी ऑफ़ कैलिफोर्निया की रिसर्च स्कॉलर दामिनी पन्त द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े अनुभवों एवं गावों में आये बदलाव की चर्चा की गयी। उक्त कार्यक्रम में जल, जंगल, जमीन से जुड़े मुद्दों पर छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने वक्ताओं से विभिन्न प्रश्न पूछे। कार्यक्रम का समापन करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.एस. नेगी ने सभी वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए छात्र-छात्राओं से प्रकृति के प्रति अपनी समझ को बढ़ाने की अपील की। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

Digitally signed by Dalip Singh Negi
Date: 2024.06.11 11:33:56 +05'30'

प्राचार्य

स्व० चन्द्र सिंह शाही

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,कपकोट

हिन्दी विभाग

आयोजक

स्व० चन्द्र सिंह शाही

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,कपकोट